कार्यालय जिला पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण)

प्रेस विज्ञप्ति

क्रमांक / 13190 / जि.पं / स्व.भा.मि (ग्रा) / 17–18 कांकेर, दिनांक 19/12/2017

सर्वसामान्य को यह सूचित किया जाता है कि मिशन संचालक, राज्य स्वच्छ भारत मिशन के राज्य स्तरीय ज्ञापन क्रमांक –715 / मिस / रा.स्व.भा.मि. / पंग्राविवि / 2017 रायपुर दिनांक 21.06.2017 के द्वारा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला उत्तर बस्तर कांकेर के लिए जिला स्तर पर संविदा में स्वीकृत जिला समन्वयक एवं जिला सलाहकार के 01–01 रिक्त पदों के लिए दिनांक 22.07.2017 तक आवेदन मंगाए गए हैं। प्राप्त आवेदनों की प्रविष्ठी पश्चात, पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की सूची दावा / आपत्ति हेतु प्रकाशित की जा रही है। सूची कार्यालय जिला पंचायत एवं रोजगार कार्यालय कांकेर के सूचना पटल पर अवलोकित की जा सकती है, एवं ज्ञापन व सूची से संबंधित विस्तृत जानकारी जिला के वेबसाईट "www.kanker.gov.in" एवं "www.zpkanker.gov.in" पर भी अवलोकित की जा सकती है। पात्र / अपात्र अभ्यर्थियों की प्रकाशित की गई सूची में, आवेदकों द्वारा आवेदनों में अंकित समस्त वांछित जानकारी प्रविष्ठ की गई हैं, प्रकाशित सूची से संबंधित किसी भी प्रकार की दावा / आपत्ति दिनांक 28.12.2017, समय 5.30 बजे तक जिला पंचायत कार्यालय कांकेर में प्रस्तुत किये जा सकते हैं। प्राप्त दावों का निराकरण चयन समिति के द्वारा किया जावेगा, एवं चयन समिति के द्वारा निराकृत निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्रस्तुत किसी भी प्रकार के अभ्यावेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

19.12.17

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

(कृपया नीचे प्रकाशित न करें।)

पृ.क्रमांक / 13191 / जि.पं / स्व.भा.मिशन (ग्रा) / 2017 **कांकेर, दिनांक 19 –12 –2017**

प्रतिलिपि :–

1. कलेक्टर सह अध्यक्ष स्वच्छ भारत मिशन, जिला उत्तर बस्तर कांकेर छ.ग.।
2. जिला जनसंपर्क अधिकारी, जिला कार्यालय, उत्तर बस्तर कांकेर सूचनार्थ। **कृपया समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करना** सुनिश्चित करें।
3. जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, जिला कांकेर को जिले के वेबसाईट पर विज्ञप्ति अपलोड कराने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. डीपीएम, जिला पंचायत, उत्तर बस्तर कांकेर को जिले के वेबसाईट पर विज्ञप्ति अपलोड कराने हेतु सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत
जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)